## अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**करेली - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अमर शहीद सरदार भगत सिंह की अष्टधातु से निर्मित विशाल 9 फीट प्रतिमा का अनावरण पुरानी गल्ला मंडी करेली में रविवार को किया। यह कार्यक्रम गुरूद्वारा गुरू सिंघ सभा एवं दशमेश युवा समिति करेली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने शहीद भगत सिंह के जीवन से जुड़ा एक किस्सा साझा किया।

उन्होंने बताया कि पंजाब में आपातकाल के दौरान वे अमृतसर में थे। उन्हें पं. अटल बिहारी वाजपेयी के पास एक पुस्तक मिली, जो इस दौरान ब्रिटिश हुकूमत के द्वारा प्रतिबंधित कर दी गई थी। इस किताब में सरदार भगत सिंह की फांसी से जुड़े मूल दस्तावेज थे। इस किताब को उन्होंने एक रात में पढ़ लिया। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि फांसी से पहले भगत सिंह किताब पढ़ रहे थे। फांसी के समय उन्होंने पुलिसवालों से सिर्फ दो मिनट का समय मांगा। यह उनकी वैचारिक निष्ठा थी जो उन्हें मौत को चुनौती देने की शक्ति दे रही थी। म आज इस प्रतिमा का अनावरण किया गया है। यह प्रतिमा हमें संदेश देती है कि हम किस तरह हम अपने सामर्थ्य से बदलाव ला सकते हैं।

नर्मदापुरम सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह का कृतित्व हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उस तरुण युवा ने 23 वर्ष की उम्र में अपने



### प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री ने किया संबोधित

प्राणों की चिंता किए बग़ैर खुशी- खुशी फांसी के फंदे को चूम लिया। उनकी यह शहादत उन्हें मिले संस्कारों से मिलती है। यह मूर्ति कोई साधारण मूर्ति नहीं है, यह मूर्ति उनके किए संघर्ष की याद दिलाती रहेगी। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि भगत सिंह की यह मूर्ति हमारे नौजवानो को आजादी के संघर्ष का स्मरण कराते हुए प्रेरणा देगी। प्रतिमा स्थापना के लिए गुरूसिंघ सभा को बहुत साधुवाद। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगतसिंह के बाल मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सदस्य गृह मंत्रालय भारत सरकार आयरन लैडी गुरमीत कौर धनई एवं विस्तार न्यूज़ के प्रधान संपादक ब्रजेश राजपूत ने भी सरदार भगतसिंह के जीवन और उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सुच्चा सिंघ अरनो (पटियाला वाले) द्वारा सरदार भगत सिंह जी का जीवन, हरविंद सिंघ पंजाबी रंगमंच पटियाला पंजाब द्वारा भगत सिंह जी के शहादत दिवस पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नाट्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल व हरेन्द्रजीत सिंह (बब्बू), इंद्रजीत सिंह खनूजा, नगर पालिका करेली की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, उपाध्यक्ष एआईसीसी सिंसा अल्पसंख्यक विभाग महेन्द्र सिंह वोहरा, पं. रामस्नेही पाठक, सरदार सिंह पटेल, नरेन्द्र राजपूत, संभाग संयोजक पंजाबी साहित्य अकादमी अजीत सिंघ नैय्यर- सीटू, अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## राज्यस्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता हेतु चयनित विद्यार्थिओं का सम्मान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों , गर्वित अभिभावकों एवं समर्पित मार्गदर्शी शिक्षकों का जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार की गरिमामय उपस्थिति में डाइट नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय सम्मान समारोह में बच्चों एवं पालकों से संवाद करते हुए पूछा कि बच्चों की सफलता पर वे कैसा महसूस कर रहे है तथा बैहरपौंडी की कक्षा तीसरी की छात्रा सृष्टि वंशकार की माता विमला वंशकार से बात करके बिटिया के लिए भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की।

मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार ने कहा कि ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन भावी प्रतिस्पर्धा के लिए बच्चों को मानसिक मजबूती प्रदान करने में सहायक है।

### मार्गदर्शी शिक्षक एवं पालक भी हुए सम्मानित

जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सम्मान समारोह में जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से ओलंपियाड प्रतियोगिता की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एपीसी आनंद शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के शासकीय विद्यालयों के कक्षा दूसरी एवं तीसरी के तीन-तीन, चौथी एवं पांचवी के चार-चार , छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के छः-छः, इस प्रकार कुल 32 विद्यार्थी शामिल हुए । इन सभी विद्यार्थिओं का स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, स्कूल बेग, ट्रैक सूट, पानी की बाटल, लंच बॉक्स, कैप इत्यादि का भेंट कर सम्मान किया गया।

इसके साथ ही मार्गदर्शी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में शामिल छात्र छात्राओं, अभिभावकों, मार्गदर्शी शिक्षकों हेतु भोजन की व्यवस्था की गई थी । उक्त अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, डाइट प्राचार्य श्री एम.एस.खान, एपीसी समीर त्यागी, मनीष चौकसे, बीआरसी ओ.पी. राय, बीएसी पवन राजोरिया, निपुण फेलो पीयूष चौपावर एवं जन शिक्षक भी उपस्थित रहे ।

## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाई जाएगी कर्मा जयंती, मंत्री होंगे शामिल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** तैलीक वंश की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती 25 मार्च दिन मंगलवार को सुखदेव भवन में भव्य रूप से मनाई जाएगी द्य प्रातः दीप प्रजनन एवं आरती झंडा चौक पर साहू युवा संगठन द्वारा वाहन रैली प्रातः 10 वजे बाजे गाजे के साथ नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर वाहन रैली का समापन होगा द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह शिक्षा एवं परिवहन मंत्री मप्र शासन, विशिष्ठ अतिथि रविकिरण साहू अध्यक्ष तेलघानी वोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मप्र शासन, शिवाकांत मिश्रा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, मिनेन्द्र डागा प्रादेशिक सदस्य भाजपा, सुनीता पटेल पूर्व विधायक एवं साधना स्थापक पूर्व विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है। साहू समाज अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी ने सामाजिक बंधुओ से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### कांग्रेस ने शहीदों को यादकर दी श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सुभाष पार्क पर शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर परपूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय दुबे, पूर्व मंडी अध्यक्ष भगवत सिंह जाट, इंटक अध्यक्ष संतोष शुक्ला, साहित्यकार अजय तुलसी , कुंज बिहारी यादव कवि, आईटी सेल के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल रीतेश नामदेव ,अनवर भाई,पलाश पटेल, शिवम पाठक, यशवंत कुल्हा एवं योगेश विश्वकर्मा सहितअन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित कर देशभक्ति के भाव प्रकट किए।

### विद्युत अधिकारियों की कार्यप्रणाली से रोष

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गाडरवारा संभाग के अंतर्गत विधुत सप्लाई परमिट पर बंद कराकर कार्य करते समय बिना परमिट कैंसिल कराऐ लाइन चालू होने के कारण कर्मचारी प्रेमनारायण कौरव की करेंट लगने से मौत की जनता यूनियन निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। नरसिंहपुर वृत्तान्तरगत एक ही तरह की बिना परमिट कैंसिल कराऐ लाइन चालू होने की घटनाओं से विधुत अधिकारियों द्वारा सबक नहीं लेने तथा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कराने के कारण करेंट लगने से लाईन कर्मचारीयों की लगातार मौते होने का मुख्य कारण है। अलावा सुचारू बिजली से राजस्व कमाने वाले अधिकांश पावर हाउस उपेक्षित है परमिट जारी करने और लेने की नियमावली का पालन नहीं होता, परमिट बुक और लागबुको का अभाव है, सुरक्षा साधनो की कमी , आग बुझाने के साधन नहीं, अव्यवस्था ऐसी कि चारों ओर से खुल्ला है तार बाड़ी नहीं -बे रोक जानवरों का जमाव - गेट नहीं- बाहरी लोगों का अतिक्रमण जारी के कारण पाबर हाऊस और कर्मचारी दोनों असुरक्षित हैं । कंट्रोल रूम के कर्मचारियों को पंखे कूलर कि सुबिधा नहीं, जिम्मेदारों को सूचित करने के बाद भी कोई निरीक्षण सुधार नहीं । जनता यूनियन मुख्य अभियन्ता के,एल, बर्मा (जबलपुर क्षेत्र)से सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू कराकर लगातार कर्मचारियों की हो रही मौतों को रोकने और पावर हाउसों की व्यवस्था में सुधार की मांग करती है।

### गोविंद प्रसाद घारु का निधन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्थानीय भारतीय जनता पार्टी गाडरवारा मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष कपिल घारू के पिता गोविंद प्रसाद घारू का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के नागरिकों ने भाग लेकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया। 6 माह बाद जब किशोरी को एहसास हुआ कि वह गर्भवती है, तब उसने यह बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद गाडरवारा थाने में रविवार को शिकायत दर्ज़ कराई गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### 15 साल की बालिका छह माह की गर्भवती

पुलिस के अनुसार घटना सितंबर माह की है। पहले लच्छू उर्फ लवकुश कहार नाम का व्यक्ति पीड़िता को धान के खेत में ले गया। वहां उसने दुष्कर्म किया। इसके एक सप्ताह बाद नीरज कहार ने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। बताया जाता है कि पीड़िता ने अब तक किसी को इस बारे में नहीं बताया था। गर्भवती होने का अहसास होने पर उसने परिजनों को बताया। इसके बाद शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

एसडीओपी रत्नेश मिश्रा के मुताबिक, दोनों 22-23 वर्षीय आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पीड़िता की मेडिकल जांच करवा रही है। इससे यह पता चल सकेगा कि उसे वास्तव में कितने माह का गर्भ है। बताया जाता है की पीड़िता ने अभी तक इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

## अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय श्री अग्रसेन भवन बाबा टोला में आयोजित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें नगर पालिका के अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, रवि खजांची जिला महासभा अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल समाज, गाडरवारा ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र खजांची, गोपाल गुप्ता, रमेश अग्रवाल ने महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ हुआ ।



सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत भाषण सुप्रिया अग्रवाल अध्यक्ष महिला मंडल दिया गया जिसमें उन्होंने नगर गाडरवारा में एक चौक महाराजा अग्रसेन जी के नाम से करने का आग्रह नगर पालिका अध्यक्ष से किया रमेश अग्रवाल ने उनकी बात का समर्थन करते हुए चौक पर महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति स्थापना स्थापित करने की बात समाज के सहयोग से करने की कही जिसे नगर पालिका अध्यक्ष ने सहज स्वीकार किया महासभा के जिला अध्यक्ष रवि खजांची वर्तमान में जारी सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में महिला शशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए अग्रवाल समाज के द्वारा किए गए आयोजनों की सराहना करते हर संभव सहयोग देने बात कही महिला मंडल के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया महिला मंडल के उपाध्यक्ष रंजीता खजांची ने महिला मंडल के पूर्व में किए गए कार्य पर प्रकाश डाला , बच्चों के कार्यक्रम का संचालन समस्त महिला मंडल किया एवं महिला मंडल की सचिव प्रियंका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिखा अग्रवाल ,सह सचिव बबीता अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया समाज के सचिव राजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष मुकेश खजांची आलोक खजांची सौरव बंसल द्वारा समस्त अग्रवाल बंधु पर पुष्प वर्षा कर एवं चंदन लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं युवा परिषद के अध्यक्ष मिलन अग्रवाल, सचिव शुभांशु अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का आभार समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया इस समय अग्रवाल समाज की बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला वर्ग उपस्थित थे पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने किया।

## स्वरोजगार मेला का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में जिला प्रशासन नरसिंहपुर के निर्देशन में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला का अयोजन किया गया। मेले में प्रतिनिधित्वश कर रहीं विभिन्नद संस्थाओं व प्रतिष्ठा नों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने हेतु स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में मुख्यओ अतिथि जिला पंचायत अध्यठक्ष श्रीमती नीलेश कांकोरियाए विशिष्ठ अतिथि भारतीय जनता पार्टी रामसनेही पाठकए श्रीमती निशा सोनी जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी सुनील कोठारी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह उपस्थित रहे।

## नरसिंहपुर जिले में बिगड़ी कानून व्यवस्था

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ नरसिंहपुर जिले में महिला अत्याचार उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण असामाजिक तत्व और अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। जरूरत है कि हम सब ऐसी घटनाओं का विरोध करते हुए शासन-प्रशासन पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दबाव बनाए।



### कांग्रेस ने गिनाईं महिला अत्याचार की घटनाएं

उक्त आरोप सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता सुश्री स्पर्श चौधरी ने लगाए। प्रेस कान्फ्रेंस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रदेश प्रवक्ता स्पर्श चौधरी ने बताया कि पिछले डेढ़-दो माह में ही नरसिंहपुर जिले में अनेक दुष्कर्म के मामले घटित हुए हैं जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। नरसिंहपुर जिले की कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है, महिला अत्याचार के साथ-साथ अन्य अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्पर्श चौधरी ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना में वादे के अनुसार महिलाओं को 3000 रूपये प्रतिमाह दिए जायें।

पूर्व विधायक सुनीता पटेल ने कहा कि जिले में प्रतिदिन समाचार पत्रों में अपराध की घटनाएं आती हैं। विशेषकर नाबालिक बच्चों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हम सबके लिए परेशानी और चिंता का विषय है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा, आरिफा खान, गाडरवारा महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष संगीता जायसवाल, उर्मिला उइके, काजल सोनेलाल, गोल्डी खान, प्रियांश कहार आदि ने भी बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कई सवाल उठाये।

## इफ्तार पार्टी में शामिल हुए नपा अध्यक्ष

**गाडरवारा, देशबन्धु।** रमजान के महीने रोज रखना जितना सबाब का काम है। उतना ही सबाब रोजा इफ्तार कराने में है। सामूहिक रोजा इफ्तार का खूबसूरत नजारा नए बस स्टैंड बाबली अखाड़ा दरगाह परिसर में देखने काबिल है। दरगाह परिसर में लगातार रोजा इफ्तार कार्यक्रम नोजवान कमेटी द्वारा कराया जा रहा है रविवार को इफ्तार पार्टी में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, पूर्व पार्षद रीतेश राय, सुनील ठाकुर, पार्षद कमल खटीक, शुभम राजपूत, मुन्ना कुशवाहा, श्याम वैष्णव, सुनील शर्मा, संजय गुप्ता मेडिकल, कल्लू यादव, शैलेंद्र महाराज, जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, अब्दुल फिरोज खान, आजम खान आदि ने शामिल होकर बाबली दरगाह शरीफ परिसर में रोजाना किऐ जा रहे इफ्तार कार्यक्रम की तारीफ की। नपा अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि रोजा उपवास करना ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा व भक्ति का प्रतीक है बाबली के युवाओं ने इफ्तार पार्टी कार्यक्रम कर एक अच्छा संदेश दिया हैद्य नपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सर्वहारा वर्ग के हितों को ध्यान रखकर विकास को प्राथमिकता दे रही है । नगर को स्वच्छ सुंदर और विकासशील बनाना मेरा मुख्य उद्देश्य है।

इस आयोजन में गुड्डू फलवाले, शानू खान, सत्तर मंसूरी, तनवीर खान शादाब खान, अनीश मंसूरी, शेख सोहेल, आशु खान, सोहेल खान, बृजेश चौकसे,शुभम, प्रकाश चौकसे, नीलू झांझोट, काकू गंगापारी, संजय महाराज, गोलू खान सहित युवाओ का महत्पूर्ण सहयोग मिल रहा है। बाबली पर शाम को रोजा इफ्तार में सेकड़ो महिलाएं इफ्तार करने पहुंच रही हैं। इस मौके पर शानू खान ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाराणा प्रताप शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा के नाम तहसीलदार प्रियंका नेताम को फीस घोटाले की निष्पक्ष जांच कराने के संबंध मे ज्ञापन दिया है। जिसमे उल्लेख किया है कि दिनांक 22 मार्च को महाराणा प्रताप शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में कार्यरत वीरेंद्र कुमार पवार सहायक ग्रेड 03 पिता राम भरोसे पवार को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा जानकारी



### फीस घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग

प्रदान की गई है कि मुख्य आरोपी वैभव जैन जिसके द्वारा एक निजी साईबर कैफे का संचालन किया जा रहा है के द्वारा कालेज के छात्रों को नकली रसीद प्रदान की गई, एवं छात्रो की फीस के पैसों का गबन किया गया।

उक्त आरोपी वैभव जैन के मौखिक कथन पर वीरेंद्र कुमार पवार को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया है। चूंकि पूर्व से ही वीरेंद्र कुमार पवार सहायक ग्रेड 03 द्वारा उक्त आरोपी की शिकायत लगातार की जा रही थी एवं वीरेंद पवार द्वारा ही उक्त घोटाले को उजागर किया गया एवं प्रत्येक माह में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संस्था प्राचार्य को उक्त घोटाले की जानकारी दी जा रही थी।

आरोपी वैभव जैन द्वारा द्वेषभाव रखते हुये लिपिक वीरेंद्र पवार को झूठा फसाया जा रहा है। ज्ञापन देते समय समस्त स्टाफ ने उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

## विद्युत चिनगारी से गेंहू के खेत में लगी आग, दो लाख का नुकसान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस इमलिया पिपरिया निवासी आशीष कौरव के खेत में आग लग जाने से 5 एकड़ खेत की गेंहू की फसल जलकर खो खो गई। जिससे करीब 2 लाख रुपए का नुकसान हो गया।

उल्लेखनीय है कि खेत मालिक ने विद्युत विभाग से कई बार खेत के ऊपर से निकलने वाले जूते विद्युत तारों की शिकायत की थी किंतु विभाग द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके कारण यह फसल जलकर खाक हो गई।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए